**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–21 का उत्तरः–**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर पालिका उन्नाव के लोक नगर में स्थित राधे–राधे पैलेस से लेकर बुद्धी लाल शर्मा के घर तक लगभग 300 मीटर मार्ग कच्चा है? | जी, हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त मार्ग के नाले पर पुलिया का निर्माण कराकर मार्ग का डामरीकरण कराएंगे? | प्रश्नगत कॉलोनी प्राइवेट कालोनाइजर/सोसाइटी द्वारा अनियोजित ढंग से बसाई गयी है, जिसका तलपट मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया है। ऐसी कालोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित कालोनाइजर/सोसाईटी का होता है। फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत पालिका द्वारा समय–समय पर अपने सीमित संसाधनों से ऐसी कालोनियों में जन सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया जाता है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | उक्त कार्य के लिये रू0 60,97,195/– का आगणन तैयार कर लिया गया है। प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता एवं नगर पालिका परिषद के बोर्ड के निर्णय पर निर्भर है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग